हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 223 देहरादून, मंगलवार, 27 फरवरी 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



जौनसार बावर की पौराणिक संस्कृति की देश-दुनिया में अलग पहचान : धामी सीएम 3

# राज्यपाल के अभिभाषण के साथ विधानसभा का बजट सत्र शुरू, सदन मंगलवार तक के लिए स्थगित

देहरादून(आरएनएस)। विधानसभा का बजट सत्र का आज पहला दिन है। सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ सत्र की शुरुआत हुई। राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार के वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ व सशक्त राज्य बनाने का रोडमैप दिखा।

विधानसभा का बजट सत्र आज 26 फरवरी से एक मार्च तक चलेगा। सोमवार को सुबह 11 बजे से विस का बजट सत्र शुरू हुआ। इसके बाद राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) का अभिभाषण शुरू हुआ।

इश दौरान राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखंड परिकल्पना नहीं विश्वास है। प्रदेश की तरक्की में अहम योगदान देने वालों का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कई उपलब्धि हासिल हुई है। हमारा प्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में ख?ा होगा। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की क?ी में सशक्त उत्तराखंड 2025 से कई आयाम हासिल किए गए। वहीं, सत्र की कार्रवाई को 27 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**महिलाओं को समान अधिकार दिए गए**

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा ने राज्य के सभी नागरिकों को समान अधिकार देने वाली समान नागरिक संहिता को पास करके देश का पहला राज्य बना दिया है। अब सभी धर्म-समुदायों की महिलाओं को समान अधिकार दिए गए।

अपने अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा कि थाना स्तर पर महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए महिला डेस्क स्थापित है। पुलिस ने महिलाओं को कानूनी मदद के लिए टोल फ्री नम्बर जारी किया है। जेल विकास बोर्ड का गठन किया गया है। वहीं जी 20 की तीन बैठक से राज्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में इज ऑफ डूइंग के साथ ही पीस ऑफ डूइंग का माहौल है। यूआईआईडीबी का गठन किया गया। आगामी पांच वर्ष में उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्य बनाने के लिए सशक्त उत्तराखंड पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि 1300 कानून चिन्हित करके 400 से ज्यादा का विलोपन किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि सीएम कॉन्क्लेव के एजेंडा बिंदु के अनुरूप, केंद्र व राज्यों की 12 विभागों की 20 योजनाओं का मूल्यांकन कराया जा रहा है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत 48 पुराने मंदिरों का चिन्हित किया गया है। पहले चरण में 16 मंदिरों के पुनरोद्धार किया जा रहा है। इसके अलावा बदरीनाथ धाम को स्मार्ट स्पिरिचुअल



करने की दिशा में सरकार काम कर रही है।

टिहरी में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अपणु स्कूल अपणु प्रमाण शुरू किया गया है। जिसमें जरूरी प्रमाणपत्र स्कूल में ही बन रहे हैं। विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित करने वाला उत्तराखंड देश का तीसरा राज्य बन गया है। अपणी सरकार के तहत डोर स्टेप डिलीवरी देहरादून नगर निगम के 100 वार्डों में चलाई जा रही है। जल्दी ही अन्य निकायों में इसे लागू किया जाएगा। प्रदेश में 12 इको टूरिज्म गंतव्यों को तैयार किया जा रहा है। 13 हेलिपैड तैयार हो चुके हैं। सात हेलीपोर्ट बनाने पर काम चल रहा है। जो पीपीपी मो? पर बनेंगे।

**विधायकों की ओर से मिले 300 से अधिक प्रश्न**

पहले दिन अभिभाषण के अलावा अन्य कोई विधायी कार्य नहीं होंगे। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित हो जाएगी। भोजनावकाश के बाद तीन बजे से फिर से सदन चलेगा। सत्र के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। विधायकों की ओर से 300 से अधिक प्रश्न मिले हैं। रविवार देर रात विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण के यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई, जिसमें एक मार्च तक सदन संचालित करने के लिए एजेंडा तय किया गया। बैठक में संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक खजना दास व उमेश शर्मा मौजूद रहे। विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने कार्यमंत्रणा से इस्तीफा दे रखा है, वह कार्यमंत्रणा में शामिल नहीं हुए।

**27 फरवरी को पेश होगा बजट**

प्रदेश सरकार 27 फरवरी को बजट पेश करेगी। हालांकि, कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में तय किया गया कि बजट 27 को सदन में लाया जाएगा। 28 को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लाया जाएगा। 29 को विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी, जबकि एक मार्च को बजट पारित किया जाएगा। सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित बजट लाने की संभावना है। जिसमें सरकार का फोकस सशक्त उत्तराखंड का संकल्प रहेगा। इसके अलावा महिलाओं, युवाओं के लिए स्वरोजगार, किसानों के कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है।

**कार्यमंत्रणा बैठक की कोई सूचना नहीं**

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का कहना है कि पहले ही कार्यमंत्रणा समिति से इस्तीफा दे दिया गया है, जिससे बैठक में जाने का कोई औचित्य नहीं है, लेकिन प्रदेश सरकार की तरफ से भी किसी तरह की कोई पहल नहीं की गई और न ही विधानसभा से बैठक की सूचना मिली है।

# 40 करोड़ से अधिक की लागत से होगा उत्तराखंड के इन तीन रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास : सीएम धामी

## टनकपुर, काशीपुर व कोटद्वार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से आमजन को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधाएं : मुख्यमंत्री






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 27 फरवरी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित विधानसभा भवन से टनकपुर, काशीपुर व कोटद्वार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास शिलान्यास समारोह में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा किये गए 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास के वृहद कार्य ने देश में आज एक और नया कीर्तिमान बनाया है।

**मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए कहा आज देश में बना नया कीर्तिमान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में 40 करोड़ से अधिक की लागत से पुनर्विकास के लिए चयनित इन तीनों रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास से कुमाऊं क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी को मिलने के साथ ही लोगों को स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाएं भी मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहे हैं तथा भारतीय रेलवे को नए भारत की आकांक्षाओं तथा आत्मनिर्भर भारत की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जहां एक ओर ब्रॉड गेज रेल लाइनों से मानव रहित रेल क्रॉसिंग को खत्म कर भारतीय रेलवे को पहले से कहीं अधिक सुरक्षित बनाया गया है तो भारतीय रेलवे की रफ्तार भी पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी है। आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक चिन्ह के रूप में वंदे भारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेनें रेल नेटवर्क का हिस्सा बन रही हैं तथा देश के अछूते हिस्सों को रेल नेटवर्क से जोड़ने का काम भी तेजी से चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तरखंड में बहुत से कार्य हुए हैं। उत्तराखंड में आज पहाड़ तक ट्रेन पहुंचाने का सपना सच होने जा रहा है। प्रधनमंत्री जी की दूरदर्शिता और स्पष्ट विजन के कारण ही आज ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन का 50 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई अमृत भारत स्टेशन योजना, रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और बदलते भारत का प्रतिबिंब है। आज का नया भारत, एक नई गति और एक नई शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है तथा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार सभी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को विश्वस्तरीय बना रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिस प्रकार से न केवल रेलवे, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। आज भारतीय रेल, इसका बदलता स्वरूप, विकसित देशों के रेल नेटवर्क को चुनौती देता है। यह देखकर गर्व की अनुभूति होती है जिसका साक्षात प्रमाण वन्दे भारत ट्रेन है तथा इस ट्रेन की मांग अब दूसरे देश भी करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने उत्तराखंड को भी देहरादून से आनंद विहार के मध्य वंदे भारत ट्रेन के संचालन की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि आज रेल आधुनिक हो रही है, सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है, रेलवे स्टेशन ''मॉडर्न विजन'' के साथ विकसित किए जा रहे हैं, लेकिन इस विकास के बीच भी, हमने अपनी संस्कृति और विरासत को कतई नहीं भुलाया है, जिसको ध्यान में रखते हुए जिन स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव आज रखी गई है। उन्हें स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला के आधार पर विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम योजनाओं को धरातल पर उतारने का निरंतर कार्य कर रही है तथा हम उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने ''विकल्प रहित संकल्प'' के मंत्र को लेकर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

# अजीब खूबियों से भरपूर होता है बांस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 27 फरवरी : पेड़ पौधों में जब भी बांस का जिक्र होता हो एक अजीब से पौधे का ध्यान आता है जो बहुत तेजी से बढ़ता है. यह एक बहुत सारी उपयोगी चीजें देने वाला माना जाता है. कई जगह इसकी खेती भी होती है. इस तथ्य को बहुत ही कम लोग जानते हैं कि बांस का पेड़ नहीं होता है. मजबूत तना होने के बावजूद तकनीकी तौर पर बांस एक पेड़ नहीं होता है, बल्कि यह एक प्रकार की घास होता है. फिर भी बांस बारे में कई रोचक तथ्य ऐसे हैं जिन्हें लोग नहीं जानते.

बांस के बारे में सबसे लोकप्रिय बात जो लोगों को पता है कि वह यह है कि ये बहुत तेजी से बढ़ता है. बांस की कई प्रजातियां ऐसी हैं जो एक घंटे में डेढ़ इंच तक बढ़ जाता है. लेकिन इससे भी मजेदार बात यह है यह जमीन से ऊगने में बहुत वक्त लगाता है और केवल 60 दिन तक बढ़ता है. इसके बाद इसके हिस्से ही मजबूत होते रहते हैंबांस ऐसी घास है जो खुद को ठीक कर सकती है. जी हां हकीकत यह है कि बांस काटने से बढ़ने लगता है. इसके पास की छोटी टहनी काटने पर इसकी नई पत्तियां उगने लगती है. ये नई पत्तियां नई कोंपलों के लिए और ऊर्जा जड़ों की ओर भेजती हैं. ज्यादा कटने पर यह तेजी से बढ़ता है. इस लिहाज से यह एक अक्षय ऊर्जा का स्रोत बन जाता है

बांस की वृद्धि दर अविश्वसनीय है. लेकिन यह वायुमंडल से कार्बन सोखने में भी बहुत तेज रहते हैं. एक आकलन के अनुसार अगर सही तरह से खेती की जाए तो बांस हर साल 1.78 टन का कार्बन अवशोषित कर सकते हैं. इसका मतलब ये हुआ कि दूरे पेड़ों की तुलना में बांस दस गुना अधिक कार्बन अवशोषित करता हैबांस की घनी जड़े पानी को कारगर तरीके से रोकने में सक्षम होती हैं. वास्तव में समुद्र के किनारे बसे गांव अपनी फसलों को जमीन के नीचे बढ़ते जलभराव से बचाने के लिए खेतों के पास बांस लगाते हैं. बांस जैविक पदार्थ को छान सकते हैं, पानी के बहाव को धीमा कर सकते हैं.

बांस में भारी मात्रा में सिलिकेट ऐसिड होता है. यह उसे असामान्य रूप से अग्निरोधक बनाता है. यह दुनिया में उन जंगलों के लिहाज से अच्छी खबर है जहां बार बार आग लगती रहती है. एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर सही तरह से बांस के पेड़ जंगलों में लगाए जाएं तो जंगलों की आग को फैलने से रोका जा सकता है

बांस को मिट्टी को बहने से रोकने में बहुत ही ज्यादा कारगर पाया गया है. इसकी जड़े मिट्टी में इतनी घनी होती हैं कि वे मिट्टी की ऊपरी परत को बहुत अच्छे से बांध लेती है. इससे मृदा अपरदन को रोकने में बहुत अधिक मदद मिलती है. वहीं इसके तनों का घना होना बारिश को सीधे मिट्टी पर आने नहीं देते जिससे मिट्टी का बहना काफी हद तक रुक जाता है. बांस को खाया भी जाता है. इसके रेशों से बना फाइबर कपड़े बनाने के काम आ सकता है. इसके कंक्रीट रीइन्फोर्समेंट में उपयोग में ला जाता है यानी इसे कंक्रीट में लोहे की जगह इस्तेमाल कर वही नतीजे हासिल किए जा सकते हैं. मवेशियों के लिए इसकी पत्तियां चारे की तरह काम में आती हैं. फर्नीचर तो इसका एक बेहतरीन उपयोग है ही.

# कॉफी से वजन घटाने का अजीब दावा, बस डालनी होगी ये चीज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 27 फरवरी : क्या आप वजन कम करना चाहते हैं और इसके लिए कई नुस्खे भी आजमा चुके हैं? अगर ऐसा है तो यह खबर आपके लिए बहुत रोचक हो सकती है. क्योंकि एक विशेषज्ञ ने वजन कम करने के लिए एक बहुत ही अनोखा उपाय सुझाया है और वह भी बहुत ही अनोखे तरीके से. इस लाइफस्टाइल राइटर ने कॉफी से वजन कम करने का जरिया बताया है, लेकिन उसके लिए उसमें एक खास चीज डालने की भी सलाह दी है.

कई देश कर रहे हैं ऐसाइस चीज के बारे में ब्रिटेन के इस लाइफ स्टाइल राइटर ने बताया है कि यह आमतौर पर केक और पेस्ट्री में पाई जाती है और फिर भी ब्रिटेन के लोग इसे अपना नहीं रहे है. यब कि इसका उपयोग सैकड़ों सालों से कॉफी में हो रहा है और आज भी इथोपिया, यमन, सिंगापुर वियतनाम तिब्बत जैसे कई देशों में उपयोग होता है.

भारत के कुछ हिस्सों में भी ?इस राइटर ने यहां तक कहा है कि भारत के कई हिस्सों में भी इस तरह से कॉफी बना कर पी जाती है. राइटर का कहना है कि कॉफी से वजन कम करने के लिए आपको केवल इसमें मक्खन डालना होगा और इससे कई तरह से मदद मिल सकती है. लोगों के लिए शायद यकीन करना मुश्किल हो लेकिन इसके बहुत फायदे हैं.

ये फायदे भीबताया गया है कि इससे कॉफी से होने वाले नुकसान भी कम होते हैं. जो लोग कीटोजेनिक डाइट अपनाते हैं यानी अपने कीटोसिस को कायम रखने की कोशिश करते हैं, मक्खन का फैट उन्हें मदद करता है जहां शरीर को कार्बोहाइड्रेट की जगह फैट ईंधन के रूप में खत्म होता है. यहां तक कि इससे भूखे रहना का अहसास भी खत्म होता है.

# देर रात तक जागने के ये बड़े नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 27 फरवरी : रात को समय पर सोना और सुबह सूरज निकलने के बाद जागना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है। प्रकृति ने रात सोने के लिए और दिन काम के लिए बनाया है, लेकिन कुछ लोग देर रात यानी सुबह होने तक जागते हैं और आधे दिन तक सोते हैं। अगर हम कुदरत को दरकिनार करके अपना रास्ता अलग बनाएंगे तो उसका अंजाम हमें भुगतना ही होगा। अच्छी सेहत के लिए रात की नींद बेहद जरूरी है। रात को जल्दी सोना और सुबह 6 बजे तक उठना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है।


देर रात तक जागने से सुबह हम देर तक सोते रहते हैं, जिससे हमारा भोजन ठीक से पचता नहीं और हमें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको अक्सर देर रात तक काम करने या जागने की आदत है तो इस आदत को जल्द से जल्द बदल दीजिए। ये आदत आपको कई तरह की परेशानियां दे सकती है। पहलेदेर रात तक जागने से सेहत को नुकसानः देर रात तक जागने वाले लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। हाई ब्लड प्रेशर बढ़ने से बॉडी में अन्य बीमारियां जैसे ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट डिजीज के खतरे बढ़ने लगते हैं। देर रात तक जागने से भूख नियंत्रित करने वाले हार्मोन का स्तर भी प्रभावित होता है।

देर रात तक जागने से आप मानसिक रोगी बन सकते हैं। सुबह तक जागने से दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर पर बुरा असर पड़ता है, जिससे डिप्रेशन, एंग्जाइटी और सनक जैसी मानसिक बीमारियां हो सकती हैं। नींद पूरी नहीं होने की वजह से आपको दिन में गाड़ी चलाते समय नींद की झपकी आ सकती है जिससे दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाता है।

सुबह देर से उठने से बॉडी में आलस भरा रहता है जिससे काम करने में मन नहीं लगता। दिन तक सोने से सिर भारी रहता है और आंखों में दर्द और आंखों की कई समस्याएं लगातार बनी रहती है। रात भर जागने से दिमाग पर भी असर पड़ता है। देर रात तक जागने से भ्रम की समस्या पैदा हो जाती है। नींद पूरी नहीं होने के कारण ऐसी चीजें दिखती हैं जिनका असल में कोई अस्तित्व ही नहीं होता।

# आप जानते है कौन से कान पर लगाकर सुनना चाहिए फोन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 27 फरवरी : आपने कभी इस बारे में सोचा हो या नहीं, लेकिन सवाल तो है. स्मार्टफोन का इस्तेमाल आजकल हर इंसान करता है. स्मार्टफोन मानो जीवन की जरूरत बन गया है. पिछले कुछ वर्षों में फोन के इस्तेमाल को लेकर कई तरह की स्टडीज सामने आई हैं. कोई कहती है कि फोन के इस्तेमाल से कैंसर तक हो सकता है तो दूसरी इस बात को सिरे से खारिज कर देती है. फिर कोई स्टडी आती है और बताती है कि इसके रेडिएशन से मानव समेत पशु-पक्षियों को बड़ा खतरा है तो कोई कुछ और कहती है.

इतना तो सब जानते हैं कि फोन पर ज्यादा समय बिताने से आंखों पर प्रतिकूल असर पड़ता है. लेकिन फोन इस्तेमाल करने के लिए आंखों के साथ-साथ कानों की जरूरत भी है. शायद ही किसी ने कानों पर पड़ने वाले संभावित असर के बारे में सोचा हो. आपने भी नहीं सोचा होगा. दुनिया में कुछ शोधकर्ता इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन-सा कान लेफ्ट या राइट फोन सुनने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए, और कौन-सा नहीं करना चाहिए. तो चलिए जानते हैं अब तक इन शोधकर्ताओं ने क्या-क्या चीजों को पता लगाया है.

ज्यादातर लोग फोन पर बात करते समय दाएं कान (Right ear) का इस्तेमाल करते हैं. एक रिसर्च के मुताबिक, दाईं तरफ के कान से फोन सुनना सीधा दिमाग पर असर डालता है, जिससे आप छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान हो सकते हैं. एक रिसर्च के मुताबिक, जब हम फोन पर बात करने के लिए दाएं कान का इस्तेमाल करते हैं, तो इसके रेडिएशन ब्रेन पर ज्यादा असर डालते हैं. इसलिए फोन पर बात करते समय हमें बाएं कान (Left ear) का इस्तेमाल करना चाहिए.

हालांकि, इस बात को साबित करने के लिए कोई पर्याप्त सबूत नहीं है और न ही इस बात का कोई सबूत है कि फोन कॉल के लिए बाएं कान का यूज करना सुरक्षित है या दाएं कान का. 2002 में फिनलैंड साइंटिस्ट एंड न्यूक्लियर सेफ्टी अथॉरिटी के अध्ययन में कहा गया था कि जब मानव कोशिकाएं फोन के संपर्क में आती हैं, तो इससे ब्लड-ब्रेन बैरियर (Blood-Brain Barrier) को नुकसान होता है.बता दें कि ब्लड-ब्रेन बैरियर को मानव शरीर में सेफ्टी बैरियर के रूप में भी जाना जाता है जो रक्त में खतरनाक पदार्थों को दिमाग में प्रवेश करने से रोकता है. हालांकि, अध्ययन यह बताने में विफल रहा कि फोन पर बात करते समय किस कान का इस्तेमाल किया जाना चाहिए. ऐसे में आपके लिए, जरूरी है कि फोन पर बात करते वक्त फोन को एक कान से दूसरे की तरफ बदलते रहें और दोनों कानों का इस्तेमाल करें. अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया है कि लगभग 80 प्रतिशत लोग फोन पर कॉल करते समय अपने दाहिने कान का उपयोग करते हैं, क्योंकि हमारे दिमाग का बायां हिस्सा ज्यादा प्रभावशाली होता है.

# पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभान्वित किए जाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित करें

अल्मोड़ा। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि योजना की बैठक विकास भवन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगरपालिका अल्मोड़ा भरत त्रिपाठी ने भारत सरकार की इस योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर्स को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के लिए यह योजना है। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किए जाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित कर पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने विभाग के एक अधिकारी को नोडल बनाते हुए, इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सभी वेंडर्स की प्रोफाइलिंग करें तथा यह देखें कि उक्त योजना से कोई वेंडर वंचित तो नहीं है। यदि वेंडर उक्त योजना के तहत योजनाओं से वंचित है, तो उसका डाटा पीएम स्वनिधि पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे संबंधित विभागीय अधिकारी को इसकी जानकारी मिल सके तथा उसे योजना से कवर किया जा सके। इस योजना के तहत जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, वन नेशन वन राशन, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, जनधन योजना से लाभान्वित किया जाना है। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भरत त्रिपाठी ने बताया कि अल्मोड़ा के कुल 152 स्ट्रीट वेंडर्स एवं उनके परिवार को उक्त योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरसी पंत, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर प्रसाद समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जौनसार बावर की पौराणिक संस्कृति की देश-दुनिया में अलग पहचान : धामी सीएम

## जौनसार बावर भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने की 2 करोड़ 50 लाख की घोषणा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




उत्तराखंड 27 फरवरी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड अध्यात्म और योग की भूमि होने के साथ-साथ संस्कृति, साहित्य और कला की भूमि भी है। उत्तराखंड ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर अगर कहीं पौराणिक लोक संस्कृति को जीवित रखने और संजोए रखने का कार्य प्रमुखता से किया गया है तो वो हमारा जौनसार बावर का क्षेत्र है। जौनसार बावर की पौराणिक संस्कृति, देश व दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती है।

कौलागढ़ स्थित अम्बेडकर, स्टेडियम में जौनसार बावर सेवावृत्त कर्मचारी मण्डल द्वारा आयोजित दो दिवसीय जौनसार बावर सांस्कृतिक महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आयोजकों को बधाई दी तथा लोक कलाकारों द्वारा आयोजित लोक नृत्य में सामिल होने से स्वयं को रोक नहीं पाये। लोक कलाकारों के साथ झूमते हुए मुख्यमंत्री ने लोक कलाकारों का उत्साह बर्धन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जौनसार बावर भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस भवन का उपयोग जरूरतमंद छात्रों के अध्ययन के लिये भी किया जाए।

**जौनसार बावर सांस्कृतिक महोत्सव में लोक कलाकारों के साथ झूमे मुख्यमंत्री धामी**

मुख्यमंत्री ने जौनसार बाबर के संस्कृति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्कृति अनोखी है इसे बचाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने के साथ ही प्रतिवर्ष ऐसे महोत्सव का आयोजन किया जाना चाहिए। यह सांस्कृतिक समारोह हमारी विलुप्त होती लोक विरासत को संरक्षण प्रदान करने के साथ आने वाली पीढ़ी को हमारी लोक संस्कृति से परिचित कराने का कार्य कर रहा है। राष्ट्र और संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से जानने का अवसर प्रदान करने वाला यह सांस्कृतिक समारोह, निश्चित रूप से हमारी आगामी पीढ़ी के लिए सामाजिक समरसता को प्रगाढ़ करने का भी कार्य करेगा। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से हमारे राज्य के कलाकारों को भी एक मंच प्राप्त होता है और उनकी कला को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि हरीपुर में घाट निर्माण से उसके पौराणिक महत्व को भी पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को ध्येय मानकर हमें आगे बढ़ना है तथा भारत को पुनः विश्व गुरू के पद पर आरूढ़ करने के लिए हर परिस्थिति को पार करना है। हमें अपने श्रेष्ठ उत्तराखंड निर्माण के 'विकल्प रहित संकल्प' को प्राप्त करने हेतु भी निरंतर प्रयास जारी रखने हैं। ये सभी प्रयास तभी सफल होंगे जब हमें आप सभी का विशेष सहयोग और समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने सभी से राज्य के विकास में सहयोगी बनने की भी अपेक्षा की।

इस अवसर पर विकास नगर के विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनजाति छात्रों के हित में सदैव प्रयासरत रहते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान सेवावृत्ती कर्मचारी मण्डल के अध्यक्ष रणवीर सिंह तोमर, संरक्षक तुलसी सिंह तोमर, उपाध्यक्ष अतर सिंह, सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक के.एस. चौहान, भाजपा नेता प्रताप सिंह रावत, मूलत राम शर्मा,राम शरण नौटियाल सहित बड़ी संख्या में लोक उपस्थित थे।



# उत्तराखंड : देहरादून में विधानसभा सत्र शुरू, जारी किया ट्रैफिक प्लान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून 27 फरवरी : देहरादून में उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत हो गई। बजट सत्र को देखते हुए पुलिस की ओर से ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है। अगर आप भी देहरादून में रहते हैं और बाजार की ओर निकल रहे हैं तो ट्रैफिक प्लान जरूर चेक कर लें, ऐसा न करने पर आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रैफिक प्लान के तहत रिस्पना की ओर कोई भारी वाहन नहीं जाएंगे, इसके अलावा पांच बैरियर प्वाइंट बनाए गए हैं।

प्रगति विहार, शास्त्री नगर, हरिद्वार बाईपास, डिफेंस कॉलोनी और विधानसभा तिराहा को बैरियर प्वाइंट बनाया गया है। डायवर्जन प्लान भी देख लें। देहरादून से हरिद्वार, ऋषिकेश, टिहरी, चमोली जाने वाले वाहन नेहरू कॉलोनी, फव्वारा चौक से पुलिया नंबर छह की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। धर्मपुर चौक से आईएसबीटी की ओर जाने वाला यातायात माता मंदिर रोड होते हुए पुरानी बाईपास चौकी से आईएसबीटी की ओर भेजा जाएगा। रिस्पना क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव अधिक होने पर भारी वाहनों को आंशिक रूप से लालतप्पड़, हर्रावाला व नया गांव पर रोका जाएगा।

सभी प्रस्तावित जुलूस केवल बन्नू स्कूल से प्रस्थान करेंगे और इनके वाहन भी बन्नू स्कूल में ही पार्क किए जाएंगे। मोहकमपुर की ओर से देहरादून शहर की ओर आने वाले वाहनों को विधानसभा तिराहा, रिस्पना, पुरानी बाईपास चौकी होते हुए धर्मपुर-ईसी रोड की ओर भेजा जाएगा। यातायात दबाव अधिक होने पर डोईवाला से देहरादून की ओर आने वाली सिटी बस को कैलाश अस्पताल से यू-टर्न लेकर वापस डोईवाला भेजा जाएगा। सभी भारी वाहनों को कारगी चौक व डोईवाला से दूधली रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि विभिन्न मार्गों पर रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू रहेगी। इस दौरान जनता से अपील है कि वह वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करे।

# मोहम्मद कैफ ने उत्तरांचल युनिवर्सिटी में मारी बाज़ी जीता स्वर्ण पदक




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 फरवरी : उत्तराखंड स्टेट प्रो लीग पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप जो की उत्तरांचल युनिवर्सिटी प्रेम नगर मे हुई जिसमे अन्य कॉलेज के बच्चो ने प्रतिभाग लिया जिसमे ग्राफ़िक एरा कॉलेज के छात्र मोहम्मद कैफ ने 85 से 90+ केटेगरी मे प्रतिभाग लिया जिनमे वे ओवर आल चैंपियन बने जिसमे की उन्होंने 555kg का टोटल वेट उठाया जिसमे 238kg की डेडलिफ्ट ओर 188kg की स्क्वाट ओर साथ ही 129kg की बेंच प्रेस मार कर तीनो का 555kg का बड़ा स्कोर खड़ा किया जिसको कोई तोड़ नही पाया ओर इसी के साथ वे आल ओवर चैंपियन बन गये।

इसी के साथ उनका चयन अंतर राष्ट्रीय लीग कजाकिस्तान के लिए भी हो गया है अब वे आने वाली नॉर्थ इंडिया लीग अंतर राज्य और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता मे दिखाई देंगे। मोहम्मद कैफ सपना था की वो अपने देश के लिए खेले और देश के लिए गोल्ड मेडल लेकर आए, मोहम्मद कैफ की मेहनत और लगन से अब ये सपना पूरा होता हुआ दिख रहा है। मोहम्मद कैफ का कहना है कि अपनी मेहनत के बल पर हम अपनी प्रतिभा दिखा देंगे , भले कोई मंच ना दे हमको, हम खुद की मेहनत से अपना का मंच बना लेंगे।

# देहरादून में गुलदार का आतंक, 10 साल के मासूम को बनाया शिकार



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 फरवरी : उत्तराखंड में गुलदार का आतंक थम नहीं रहा है। देहरादून से दर्दनाक खबर आ रही है। यहां गुलदार का आतंक थम नहीं रहा है। गुलदार ने एक दस साल के मासूम को शिकार बना लिया। जिसमें मासूम की मौत हो गई है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है। घटना के बाद मौके पर वन विभाग और पुलिस की टीमें गुलदार को पकड़ने के लिए कांबिंग में जुट गई है। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना किमाड़ी मार्ग पर गल्जवाड़ी गांव की है। बताया जा रहा है कि यहां करीब साढ़े आठ बजे एक मासूम शौच के लिए अपने घर से बाहर आया था। इसी बीच गुलदार बच्चें को उठाकर ले जाने लगा। बच्चों ने शोर मचाया तो मौके पर अन्य लोग पहुंचे और गुलदार की ओर भागे। गुलदार बच्चे को ज्यादा दूर नहीं ले जा सकता था कि लोगों ने बच्चे को गुलदार के जबड़ों से छुड़ा लिया। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिससे मौके पर कोहराम मच गया।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। बताया कि सूचना के बाद मौके पर कैंट थाना पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची। बस्ती में बच्चे की मौत से कोहराम मच गया। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत है। पुलिस और वन विभाग की टीम गश्त में जुटी हैं। बच्चे के शव को ले जाने को लेकर बस्तीवासियों ने देर रात जमकर हंगामा किया। पुलिस के साथ झड़प की भी सूचना है। बच्चे के शव को देर रात मोर्चरी में रखवाया गया।

# उत्तराखंड : मुनाफे के चक्कर में SBI अधिकारी ने गंवा दिए 68 लाख




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 फरवरी : सयाने लोग कह गए हैं कि ज्यादा लालच ठीक नहीं, लेकिन लोग हैं कि मानते नहीं। ज्यादा मुनाफे के चक्कर में लोग लुट रहे हैं, साइबर क्राइम का शिकार हो रहे हैं, लेकिन फिर भी सबक नहीं ले रहे। अब देहरादून में ही देख लें, यहां एसबीआई के अधिकारी के साथ साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में अच्छी कमाई का लालच देकर 68 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने अब पुलिस से मदद मांगी है। अधिकारी ऑनलाइन ट्रेडिंग का एक ऑनलाइन विज्ञापन देखकर साइबर ठगों के जाल में फंसा था।

बहरहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अधिकारी डीएल रोड क्षेत्र में रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उनके व्हाट्सएप पर एक महिला का मैसेज आया। उन्हें बताया गया कि ग्रुप में जुड़ने के बाद वो ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में मोटी कमाई कर सकते हैं। अधिकारी महिला की बातों में आकर ग्रुप से जुड़ गए। इसके बाद ग्रुप से जुड़े एक अन्य व्यक्ति ने उन्हें भरोसा दिया कि अगर वह उनकी सलाह पर ट्रेडिंग करेंगे तो अच्छा लाभ मिलेगा।

इसके बाद एक ऐप में रुपये जमा कराए गए। एक लाख रुपये जमा करने पर अधिकारी को मुनाफा हुआ तो उन्हें विश्वास हो गया कि वो एप से अच्छा लाभ कमा सकते हैं। इसके बाद पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में कुल 68 लाख रुपए जमा कर दिए। आखिरी ट्रांजेक्शन 14 फरवरी को 15 लाख रुपए की हुई, लेकिन उसके बाद पीड़ित बाकी रकम नहीं निकाल पाया। अब पीड़ित अधिकारी ने पुलिस से मदद मांगी है।

# पौड़ी पुलिस का अवैध शराब तस्करों पर ताबड़तोड़ एक्शन

■ ब5 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ पौड़ी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन शराब तस्करों को किया गिरफ्तार




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 27 फरवरी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देशन में बढते नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने तथा आगामी लोकसभा चुनाव में शराब तस्करी की रोकथाम के लिये पौड़ी पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है, लेकिन कोटद्वार का आबकारी विभाग कहां है और कहां है आबकारी निरीक्षक।

आबकारी निरीक्षक है कौन, यह कोई नहीं जानता है, जबकि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और कोटद्वार का आबकारी विभाग और आबकारी निरीक्षक गहरी नींद में सोया हुआ है। जो शराब पौड़ी पुलिस ने पकड़ी है। आखिर वह शराब कोटद्वार आबकारी विभाग की यहां कोड़िया स्थित चैक पोस्ट को पार करके धुमाकोट, पांबों और कोटद्वार कलालघाटी तक कैसे पहुंची? आबकारी विभाग पर जहां सवाल उठते हैं, वहीं उसकी जवाबदेही भी बनती है। थाना धुमाकोट पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान नई बस्ती रिंगल्टी से अभियुक्त अनिल कुमार को 14 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

कोतवाली पौड़ी की चौकी पाबों पुलिस टीम द्वारा दौराने चैकिंग सिमखेत पुल के पास से अभियुक्त राकेश सिंह को 60 पव्वे (सोलमेट व्हिस्की) अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कोतवाली कोटद्वार की चौकी कलालघाटी पुलिस टीम द्वारा कलालघाटी क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग के दौरान अभियुक्त प्रदीप कुमार को 60 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### शीत लहर के प्रकोप ने लोगों की मुश्किलें ब ?ी

पिथौरागढ़। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बीते दिनों हुई बर्फबारी के बाद सीमांत में ठंड में इजाफा हुआ है। मुनस्यारी में तो नलों में पानी तक जम गया है। इधर, जिला मुख्यालय में भी शीत लहर के प्रकोप ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। बफीर्ली हवा चलने से न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की कमी आई है। लोगों का कहना है कि मौसम के बदले मिजाज के बाद फरवरी में जनवरी जैसा ठंड का अहसास हो रहा है। मुनस्यारी और धारचूला के उच्च हिमालयी क्षेत्र पंच चूली, राजरम्भा, हसलिंग, छिपलाकेदार, मिलम, बुगडयिार, गुंजी, कुटी आदि क्षेत्रों में बीते 16 फरवरी से दो से तीन बार बर्फबारी हुई है। वर्तमान में मौसम तो ठीक हो गया है, लेकिन सप्ताह भर में नियमित अंतराल में हुई बर्फबारी के बाद जिले भर में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। मुनस्यारी में तो न्यूनतम तापमान माइनस तीन डिग्री पहुंच गया है। बलाती, खलिया, पातालथौड़, सरमोली आदि इलाकों में नलों में पानी जम गया है। लोग पाइप लाइन के नीचे आग लगाकर गर्म कर रहे हैं। इधर गुंजी में लोग बर्फ पिघलाकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं।

### मौसम के बदलते मिजाज से लोग बेहाल

बागेश्वर। जिले में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। तीन दिन से दिन के वक्त बादल छाने और रात को पाला पडऩे से ठंड में इजाफा हो गया है। सोमवार की सुबह से आसमान में बादल छाए हैं। पाले से सब्जी उत्पादन व फल उत्पादन पर असर पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि जाड़ों में बारिश नहीं होने के कारण मौसम का मिजाज इस तरह का हो गया है।

### सडक़ के लिए मटियोली के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बागेश्वर। राज्य योजना में स्वीकृत सडक़ पांच साल बाद भी नहीं बनने पर मटियोली के लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले सडक़ निर्माण शुरू करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि सडक़ के अभाव में उनका जिला मुख्यालय आना तक मुश्किल हो रहा है। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इस मौके पर जगदीश राम, पनी राम, भूपाल राम, दनी राम, हरीश राम, सुंदर लाल आदि शामिल थे।

### जाम के झाम से भराड़ी में लोग बेहाल

बागेश्वर। भराड़ी में जाम आम हो गया है। प्रतिबंध के बावजूद सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बाजार में बड़े वाहनों की आवाजाही बदस्तूर जारी है। इससे जाम की समस्या और अधिक बढ़ रही है। सोमवार की सुबह नौ बजे से दस बजे तक यहां जाम लग गया। जाम में वाहन देर तक फंसे रहे। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों व राहगीरों को उठानी पड़ी। व्यापारियों ने पुलिस से प्रतिबंधित समय में आने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### खीड़ा के ग्रामीणों के समर्थन में आए जनप्रतिनिधि

बागेश्वर। पांच सूत्रीय मांगों के लिए खीड़ा के ग्रामीणों का क्रमिक अनशन जारी है। प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया। जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। सोमवार को चमोली के जिपं सदस्य अवतार सिंह ने लोगों के आंदोलन को समर्थन दिया। क्षेत्र की छह ग्राम पंचायतों ने भी प्रदर्शन कर नारेबाजी की। पांचवे दिन क्रमिक अनशन में शोवन सिंह नेगी, भैरप सिंह मेहरा और हुकुम सिंह मेहरा बैठे। कहा कि लंबे समय से शासन-प्रशासन क्षेत्र की अनदेखी कर रहा है। लोगों ने इंटर में गणित विषय का सृजन कर कक्षाएं चलाने, एनसीसी की मान्यता देने, विभिन्न मोटर मार्गो में डामरीकरण, दीपाधार तक स्वीकृत 4 किलोमीटर मोटर मार्ग का निर्माण, पैदल पुल का निर्माण आदि की मांग की। यहां क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहनी देवी, प्रधान ममता नेगी, पूर्व प्रधान लक्ष्मण सिंह नेगी, उम्मेद सिंह, नन्दन सिंह, प्रेम सिंह नेगी, आनंद सिंह नेगी, धन सिंह, उमराव सिंह, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### सक्षम एप के माध्यम से विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाएं दिव्यांग मतदाता

अल्मोड़ा। जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी ने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में दिव्यांगजनों द्वारा अपने मत का अधिकाधिक प्रयोग किये जाने तथा दिव्यांगजनों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित / जागरूक किये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सक्षम-ईसीआई एप विकसित किया गया है। इस मोबाइल एप के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने हेतु एप के माध्यम से मतदाता बनने के लिए रजिस्टर करने हेतु, एपिक कार्ड में सुधार करने हेतु, मतदान केन्द्र पर व्हीलचेयर एवं अन्य सुविधाओं के लिए आवेदन करने हेतु, मतदाता सूची में अपना नाम जांचने हेतु, पोलिंग बूथ की जानकारी हेतु तथा स्वयं को दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हित किये जाने हेतु विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

# यहां पर की जाती है अपराधियों की पूजा, चढ़ावे में अर्पित की जाती है शराब

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


ब्यूरो रिपोर्ट 27 फरवरी : ऐसा कोई भी नहीं होगा जिन्हें अपराधियों से दूरी बना कर रहना पसंद नहीं हो। समाज ऐसे लोगों से ना ही कोई रिश्ता रखना चाहता है और ना ही इन्हें अपने घर में आने की इजाजत देता है। लेकिन हमारे इसी समाज में एक ऐसा देश है जो इन अपराधियों की पूजा करता है। यहां के लोग अपराधियों को भगवान के तरह पूजते हैं। आपको यह सब सुनकर थोड़ा अजीब लग रहा होगा लेकिन यही सच्चाई है।

दरअसल लैटिन अमेरिका के वेनेजुएला में लोग अपराधियों की पूजा करते हैं। यहां के लोग इस दुनिया से गुजर चुके अपराधियों की मूर्ति बनाकर उन्हें पूजते हैं। स्पेनिश भाषा में इन अपराधी देवताओं को सैंटोस मैलेंड्रोस कहते हैं। पहले के समय के सभी बदनाम अपराधियों के छोटी-छोटी मूर्तियों को एक जगह पर रखा गया है जिसके दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। आइए जानते हैं आखिर इन अपराधियों की पूजा क्यों की जाती है।

वेनेजुएला में जनता के बीच इन अपराधियों की छवि रॉबिनहुड वाली रही है। ये सभी अपराधी अमीर लोगों की दौलत लूटकर गरीब लोगों के बीच बांट देते थे। यहां के लोग इन अपराधियों की पूजा इसलिए करते हैं क्योंकि इन्होंने किसी की किसी की हत्या नहीं की। सिर्फ अमीरों को लूटा और गरीबों पर लुटाया।

स्थानीय लोगों का मानना है कि मैलेंड्रो ने अच्छा काम किया है जिसके लिए इन्हें कुछ इनाम दिया जाना चाहिए। अगर इनकी पूजा-अर्चना नहीं की जाएगी तो ये हमसे खफा हो जाएंगे। जिस तरह से हमारे भारत में किसी मन्नत के पूरा होने पर चढ़ावा चढ़ाया जाता है ठीक उसी तरह वेनेजुएला के सैंटोस मैलेंड्रोज को भी चढ़ावा चढ़ाया जाता है।

अगर वेनेजुएला में कोई इंसान किसी बात से परेशान है, तो वो मैलेंड्रो से मन्नत मांगता है। काम हो जाने के बाद इन सैंटोस मैलेंड्रो को चढ़ावा में शराब चढ़ाया जाता है। लोगों की मान्यता है कि ये खुश होकर उन्हें वरदान देते हैं और उनका काम बन जाता है। हां लोग इस बात की सलाह देते हैं कि इन अपराधियों को चढ़ावे में ज्यादा शराब नहीं दी जानी चाहिए। वरना, ये काम छोड़कर जश्न मनाने में मशगूल हो जाएंगे। बेहतर होगा कि इन्हें चखने भर के लिए बीयर दी जाए, ताकि लोगों का काम भी बन सके।



# उत्तराखंड : फिर बदलेगा मौसम, पांच जिलों में बारिश-बर्फबारी का अनुमान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 27 फरवरी : उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर करवट बदलने वाला है। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। गढ़वाल के साथ-साथ कुमाऊं के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी की संभावना है, हालांकि मैदानी इलाकों में मौसम साफ रह सकता है। कहीं-कहीं हल्के बादल छाए रहने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के पांच जिलों में बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है।

मौसम विभाग द्वारा की गई भविष्यवाणी के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इतना ही नहीं 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की भी संभावना व्यक्त की गई है। बात करें राजधानी देहरादून की तो यहां आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं,



जबकि अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। पर्वतीय जनपदों में हल्की बर्फबारी और बारिश के कारण मैदानी जनपदों में तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने देहरादून और अल्मोड़ा जनपद के कई हिस्सों में भी हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। इस तरह पांच जिलों के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। यहां मौसम में आए बदलाव का असर बारिश और बर्फबारी के रूप में देखने को मिलेगा। पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा पर जाने वाले लोग सावधान रहें।

# रुद्रपुर : पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवती से एक लाख से ज्यादा की ठगी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रपुर 27 फरवरी : उत्तराखंड के बेरोजगार युवा पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लुट रहे हैं, साइबर क्राइम का शिकार हो रहे हैं। रुद्रपुर में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। रुद्रपुर: उत्तराखंड के बेरोजगार युवा पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लुट रहे हैं, साइबर क्राइम का शिकार हो रहे हैं। रुद्रपुर में एक ऐसा ही मामला सामने आया है।

यहां एक युवती को पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठग लिया गया। युवती से एक लाख से ज्यादा की ऑनलाइन ठगी हुई है। पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक दिसंबर को उसके व्हाट्सएप नंबर पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया था। युवती को बताया गया कि रिव्यू देने के एवज में उसे 50 रुपये मिलेंगे। इसके बाद युवती को टेलीग्राम से जोड़ दिया गया। तीन दिसंबर को उसे एक प्रीपेड टास्क करने को कहा गया। इस पर युवती ने एक हजार, 1200 व 500 रुपये का टास्क किया। जो कि कमीशन के साथ वापस मिल गए। अगले टास्क के लिए एक हजार रुपये लिए गए। इन रुपयों को वापस मांगने पर तीन ऑर्डर और पूरे करने की बात कही गई। ठग ने उससे 5599 रुपये मांगे। इसके बाद तीन बार में करीब 8900 रुपये ले लिए। इसके बाद 35 हजार और फिर 60 हजार मांगे गए। लालच में आकर युवती ने पूरी रकम दे दी।

करीब एक लाख आठ हजार रुपये लेने के बाद क्रेडिट स्कोर कम बताते हुए ठग युवती से 75 हजार रुपयों की मांग करने लगे। तब कहीं जाकर युवती को ठगी का अहसास हुआ और वो पुलिस के पास पहुंची। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने युवाओं से मोटी कमाई के लालच में न पड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब या फिर किसी भी तरह के झांसों में न पड़ें।

# पौड़ी पुलिस की ईमानदारी की कायल हुई आयरलैंड की युवती

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 27 फरवरी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद के समस्त पुलिस कार्मिकों को ड्यूटी के साथ-साथ मानवतावादी कार्यों को करने हेतु भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसके क्रम में विदेशी महिला डबलिन ग्रीनवे जाय, निवासी-आयरलैंड ने चौकी जानकी पुल पर सूचना दी कि वह अपने दोस्तों के साथ थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत घूमने आयी है लेकिन लक्ष्मणझूला क्षेत्र में विट्ठल आश्रम के आस-पास उनका बैग जिसमें वीजा एवं कुछ कीमती दस्तावेज थे कहीं खो गया है,

जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले। इस सूचना पर जानकी पुल पर ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल महिपाल, होमगार्ड मनोज के द्वारा तत्परता से त्वरित कार्यवाही करते हुए काफी तलाश करने के बाद खोया बैग (जिसमें वीजा एवं कुछ कीमती दस्तावेज थे) को सकुशल बरामद कर उक्त विदेशी महिला डबलिन ग्रीनवे जाय के सुपुर्द किया गया। जिनके द्वारा पौड़ी पुलिस की प्रशंसा कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पुलिस टीम1. मुख्य आरक्षी महिपाल सिंह2. होमगार्ड मनोज सिंह रावत





## गोपेश्वर में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया

चमोली। कांग्रेस के रुद्रपुर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा पर 24 फरवरी को हुए जानलेवा हमले की कांग्रेस नेताओं ने निंदा की। कांग्रेसियों ने इसके विरोध में प्रदर्शन कर सरकार को घेरा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला जलाकर विरोध दर्ज किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमले के आरोपियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद भी स्थानीय पुलिस कोई भी कार्रवाई नहीं कर रही है। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दवाब में पुलिस कार्रवई नहीं कर रही है। सोमवार को गोपेश्वर बस स्टैंड मुख्य तिराहे पर कांग्रेसजनों द्वारा नगर अध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट की अगुवाई में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सजवाण, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, पीसीसी सदस्य अरविंद नेगी, पूर्व पीसीसी सदस्य अनिल कठैत, जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र गरोडिया, मनीष नेगी, राजेंद्र रावत, वीरेंद्र बर्त्वाल, मनमोहन ओली, मदनलाल, अनुजा दर्शन लाल, रवीन्द्र बर्त्वाल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे

# खर्राटे लेना हो सकता है इस गंभीर बीमारी का लक्षण, डॉक्टर्स ने दी चेतावनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 27 फरवरी : खर्राटे लेने को अक्सर सभी थकान और बंद नाक से जोड़कर देखते हैं. लेकिन खर्राटे लेना एक जानलेवा और गंभीर शारीरिक समस्या का कारण हो सकता है. इस गंभीर समस्या के कारण कुछ समय पहले संगीतकार बप्पी लाहिड़ी का निधन हुआ है. खर्राटे के कारण होने वाली गंभीर समस्या क्या है, इस बारे में आर्टिकल में जानेंगे.

क्यों आते हैं खर्राटे और क्या इनका इलाज कराने की जरूरत है? खर्राटों का इलाज नहीं किए जाने पर चयापचय सिंड्रोम, मधुमेह, सीवीएस रोग जैसे उच्च रक्तचाप, अरहथमा-ऐसी स्थिति जिसमें ह्रदय असामान्य लय के साथ धड़कता है और मृत्यु का खतरा भी होता है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड रिव्यू में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक ऊपरी वायु मार्ग की शिथिलता के कारण खर्राटे आते हैं, जिससे श्वसन मार्ग आंशिक रूप से बंद हो जाता है। फेफड़ों में ऑक्सीजन के प्रवेश में कमी के साथ अलग तरह के खर्राटों की आवाज आती है। यह आवाज गले के पीछे (यूवुला और नरम तालू) और जीभ के आधार में नरम ऊतक में कंपन के कारण होती है। सभी लोगों में से लगभग आधे ने अपने जीवन में कभी न कभी खर्राटे लिए हैं और इसके कई संभावित कारण हैं।

यदि आपके खर्राटे आपकी नींद या आपके साथी की नींद में खलल डाल रहे हैं, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया या खर्राटे की वजह से सोते समय सांस लेने में दिक्कत होने की आशंका है, तो इसके इलाज करने की आवश्यकता है। दुनिया भर के वैज्ञानिक इस बात पर एक मत नहीं हैं कि सामान्य, आदतन खर्राटे (बिना-एपनिक) की वजह से सोते समय सांस लेने में दिक्कत न हो तो वे शारीरिक रूप से हानिकारक हैं या नहीं।

खर्राटे विभिन्न कारणों के एक साथ जुड़ने से आते हैं जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में अलग-अलग होते हैं। खर्राटों के सबसे सामान्य कारणों में वजन ज्यादा होना, पीठ के बल सोना, मुंह खोलकर सोना, धूम्रपान और शराब का सेवन, बंद नाक आदि शामिल हैं। ऐसा कोई एक उपाय नहीं है जो सभी खर्राटे लेने वालों के लिए कारगर हो। खर्राटों का समाधान खोजने के लिए यह समझना आवश्यक है कि आपको खर्राटे क्यों आ रहे हैं। सामान्य खर्राटों के उपचार में वजन घटाना, सोने की स्थिति बदलना, सीपीएपी, विशेषज्ञ द्वारा सुझाए गए तकिए का उपयोग, कम ऊंचे तकिए आदि शामिल हैं।

स्लीप एपनिया या सोते समय सांस लेने में दिक्कत क्या है? स्लीप एपनिया एक गंभीर स्थिति है जहां नींद के दौरान आपका श्वसन वायु मार्ग बार-बार बंद हो जाता है, जब तक आप जागते हैं तब तक आपको ऑक्सीजन से वंचित कर देता है।

अगर कोई जोर से खर्राटे लेता है, तो क्या उसे स्लीप एपनिया है? सभी जोर से खर्राटे लेने वालों को स्लीप एपनिया नहीं होता है। स्लीप एपनिया का एक साफ संकेत तब होता है जब जोर से खर्राटे लेना अचानक बंद हो जाता है और खर्राटे लेने की आवाज रुक जाती है घुटने या सांस लेने में दिक्कत होती है। जोर से खर्राटे लेना अक्सर ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की ओर एक कदम के रूप में देखा जाता है।

क्या पुरुष महिलाओं से ज्यादा खर्राटे लेते हैं?पूर्वी ओडिशा की स्वस्थ आबादी में खर्राटों की आदत पर किए गए अध्ययन के मुताबिक खर्राटों की व्यापकता का अनुमान सामान्य आबादी का 5 से 44 फीसदी तक है। लिंग वितरण के अनुसार 24 से 50 फीसदी पुरुषों और 14 से 30 फीसदी महिलाओं में खर्राटे लेने की आदत पाई गई।

इस अध्ययन में 550 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें से 59.72 फीसदी पुरुष, 40.20 फीसदी महिलाओं ने खर्राटे लिए। दोनों लिंगों के 47.46 फीसदी अपने खर्राटे लेने की आदत से अनजान थे। सभी में से 25.6 फीसदी ने दिन में नींद आने की पुष्टि की।म्र बढ़ने के साथ दोनों लिंगों में खर्राटों की व्यापकता बढ़ गई। पुरुषों में खर्राटों की उच्चतम दर 50 से 59 आयु वर्ग में अधिक थी, जिसमें से 19.5 फीसदी में मध्यम और 14.6 फीसदी में तेज खर्राटे लेने की आदत थी। 55 से 69 वर्ष के आयु वर्ग के 10.6 फीसदी पुरुषों में नैदानिक रूप से अवरोधक होने का संदेह था जिसे स्लीप एपनिया कहा जाता है।महिलाओं के लिए खर्राटों की उच्चतम प्रसार दर 40 से 49 वर्ष की आयु में हुई, जिसमें 17.8 फीसदी मध्यम और 7.1 फीसदी को खर्राटे लेने की आदत थी, जबकि चिकित्सकीय रूप से संदिग्ध महिलाओं में 8 फीसदी को ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया था। यह अध्ययन इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड रिव्यू में प्रकाशित किया गया था।सामान्यतया लगभग 40 फीसदी पुरुष खर्राटे लेते हैं, जबकि केवल 20 फीसदी महिलाएं खर्राटे लेती हैं। नर वायुमार्ग शरीर रचना में नरम ऊतक के बढ़ते अनुपात और गर्दन पर वसा के कारण खर्राटे आने की संभावना अधिक होती है। पुरुष हार्मोन वायुमार्ग की शिथिलता को भी बढ़ाते हैं जबकि महिला हार्मोन इससे बचाव करते हैं।

क्या खर्राटे लेना जानलेवा हो सकता है?

खर्राटे लेना हमारे समाज में एक सामान्य रूप से नजरअंदाज की जाने वाली समस्या है। इसका इलाज नहीं किए जाने पर चयापचय सिंड्रोम, मधुमेह, साइक्लिक वोमेटिंग सिंड्रोम (सीवीएस) रोग जैसे उच्च रक्तचाप, अरहथमा-ऐसी स्थिति जिसमें ह्रदय अनियमित या असामान्य लय के साथ धड़कता है और मृत्यु का भी खतरा हो सकता है।

## शिविर में लोगों को दी जानकारी

पौड़ी। जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देश पर 15 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से 29 फरवरी तक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाए जाने के लिए प्राधिकरण के सचिव अकरम अली द्वारा राजकीय नर्सिंग कॉलेज डोभ श्रीकोट पौड़ी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में गरीबी उन्मूलन, नशा उन्मूलन व नशीली दवाओं के दुरुपयोग से पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं, साइबर अपराध, इंटरनेट और सोशल मीडिया धोखाधड़ी, महिलाओं के अधिकार, बुजुर्गों के अधिकार, बच्चों के अधिकारों , नालसा हेल्पलाइन नंबर के साथ ही विभिन्न जानकारियां दी जा रही हैं।

## मतदाताओं से वोट डालने की अपील

पौड़ी। लोकसभा चुनावों में शतफीसदी मतदान के लिए जिले के सभी ब्लाकों में हर दिन मतदान जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गांव-गांव में चलाए जा रहे मतदान जागरूक कार्यक्रम में शपथ के साथ ही गांव से बाहर रह रहे मतदाताओं से संपर्क कर मतदान हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। जिले में चलाए जा रहे मतदान जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं से मतदान के दिन अपने गांव जाकर वोट डालने की अपील की। विभिन्न स्थानों में मतदान जागरुकता अभियान के तहत अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम डा. आशीष चौहान के निर्देश पर हर ब्लाक में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी दूरभाष पर ऐसे मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं, जो गांव से बाहर रह रहे हैं। मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने थलीसैंण, पाबौ, द्वारीखाल, कल्जीखाल, बीरोंखाल, कोट सहित अन्य विकासखं?ों में 50 फीसदी से कम मतदान बूथों में मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गयी। स्वीप गतिविधि के तहत जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज घु?दौ?ी के छात्र-छात्राओं ने रंगोली, पेंटिंग और नुक्क? नाटक के माध्यम से मतदान की महत्ता बताई। नुक्क? नाटक का मंचन करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट की कीमत है। उन्होंने 18 साल की आयु पूरी कर चुके युवाओं से ब?-च?कर मतदान करने की अपील की।

## जिले के 38,335 बच्चों को 03 मार्च को पिलाई जाएगी पोलियो प्रतिरक्षण दवा

चमोली। राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत रविवार, 03 मार्च,2024 को जिले के 603 बूथों पर शून्य से 5 साल तक के 38,335 बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण खुराक पिलाई जाएगी। जबकि 04 व 05 मार्च को छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो खुराक दी जाएगी। पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक ली और शून्य से 5 साल तक के सभी नौनिहाल तक पोलियो खुराक पहुंचाने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शून्य से 5 साल तक का कोई भी बच्चा पोलियो प्रतिरक्षण खुराक से वंचित ना रहे, इसके लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने शिक्षा, समाज कल्याण, बाल विकास, ऊर्जा, परिवहन, पुलिस आदि विभागों सहित स्वयंसेवी संस्थाओं को भी राष्ट्रीय महत्व के इस अभियान में अपना सहयोग करने को कहा। अधिकारियों को ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर तक पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम का घर-घर तक व्यापक प्रचार प्रसार कराने को कहा। जिन स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं पंचायत भवनों को पोलिया बूथ बनाया गया है उनको 03 मार्च को खुला रखते हुए वहां पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एनएच, बीआरओ, टीएचडीसी, एनटीपीसी एवं अन्य निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों के बच्चों तक भी पोलियो खुराक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए।

## बंदर के हमले में बुजुर्ग घायल, रेफर

पौड़ी। किचन में खाना बना रही कुंजेठा गांव की 75 वर्षीय सरोजनी देवी को बंदर ने हमला कर घायल कर दिया। बुजुर्ग के शोर मचाने पर पडोसियों ने उन्हें बचाया। लेकिन तब तक बंदर उनके सिर को बुरी तरह जख्मी कर चुका था। जिला अस्पताल के एमएस ने बताया कि बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इसके अलावा पौड़ी की हेमलता देवी भी बंदर के हमले में घायल हो गई हैं। एमएस ने बताया कि पौड़ी के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले प्रेम लाल, कैलाश रावत, गोकुल सिंह, अंकित चौहान, जय प्रकाश व गौरी कुत्तों के हमले में घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। नगर पालिका पौड़ी के ईओ गौरव भसीन ने बताया कि शहर में क्विक रिस्पांस टीम द्वारा निरंतर बंदरों को पकड़ने का काम किया जा रहा है। अब तक नगर क्षेत्र से 300 बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि हमलावर कुत्तों की पहचान कर उन्हें भी पकड़ा जा रहा है।

## पशु प्रदर्शनी में दलवीर की गाय आई प्रथम

चमोली। विकासखंड नारायणबगड़ के ग्राम जूनेर में पशुपालन विभाग नारायणबगड़ द्वारा पशु प्रदर्शनी में दलवीर सिंह की गाय प्रथम आई। इसके अलावा अन्य कई पशुपालकों पशुपालन विभाग के द्वारा सम्मानित किया गया। ग्राम जुनेर में सोमवार को पशुपालन विभाग नारायणबगड़ चमोली द्वारा प्रथम बार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें गांव के सभी पशुपालकों के द्वारा इस प्रदर्शनी में अपने-अपने उच्च कोटि के पशुओं को प्रदर्शनी में प्रदर्शित करवाया। गाय में दलवीर नेगी, जयकृत सिंह, महेशी देवी, भैंस प्रदर्शनी में रघुवीर सिंह, धीरेन्द्र सिंह, प्रताप सिंह राई व बैल प्रदर्शनी में वीरेंद्र सिंह, बलवीर सिह, पुष्पा रौतेला क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नरेंद्र भंडारी, डॉ अमित माहेश्वरी पशु चिकित्साधिकारी थराली, राहुल लोहनी, पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट, दलवीर फर्स्वाण, पशुधन प्रचार अधिकारी,सेनपाल बिष्ट फार्मासिस्ट पशु चिकित्सालय थराली,संजय रौतेला,वन पंचायत सरपंच प्रताप सिंह राई, दलवीर सिंह आदि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महाविद्यालय में लगाई युवा चौपाल, युवाओं को पढ़ाया लोकतंत्र का पाठ

चमोली। जिला निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्धारित दैनिक गतिविधियों के क्रम में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर युवा चौपाल लगाई गई। युवा चौपाल को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. कुलदीप सिंह नेगी ने युवाओं को लोकतंत्र का पाठ पढाया और आह्वान किया कि प्रत्येक युवा मतदाता आवश्यक रूप से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाएं एवं आगामी लोकसभा चुनाव में अवश्य मतदान करें। कार्यक्रम में ईएलसी के नोडल अधिकारी डा. मनीष मिश्रा ने प्रथम बार के मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई। इस मौके पर डा. एलएम तिवारी, डा. नाभेंद्र गुसाईं, डा. दीपक दयाल आदि मौजूद थे। वहीं नंदानगर के बांसवा?ा गांव में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को मतदान का महत्व बताने के साथ ही मतदाता शपथ दिलाई गई।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके उत्तराधिकारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के निर्देश

चमोली। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के समाधान को लेकर सोमवार को अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके उत्तराधिकारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका एवं तहसील मुख्यालयों में स्थापित शिलापटों पर सभी सवतंत्रता सेनानियों के नाम अपडेट करने, ग्राम पंचायत व ब्लाक सभागारों में राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों की फोटो एवं चिन्हित स?कों एवं विद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम का बोर्ड स्थापित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। राजकीय चिकित्सालयों में पृथक काउंटर लगाकर चिकित्सा सुविधाएं दी जाए। राष्ट्रीय कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए। तहसील स्तरीय समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाए। नगर पालिका गोपेश्वर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के म्यूजियम हेतु स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। बैठक में संगठन के अध्यक्ष गोविंद सिंह तोपाल, संरक्षक समीर बहुगुणा, महासचिव त्रिलोक सिंह खत्री, सलाहकार भुवन नौटियाल, भरत सिंह रावत आदि मौजूद थे।

### दो सूत्रीय मांगों के लिए आंगनबा?ी कार्यकर्तियों ने तहसील में दिया धरना, सीएम का भेजा ज्ञापन

चमोली। दो सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबा?ी वर्कर ने तहसील में धरना दिया तथा दो सूत्रीय मांगों के लिए नायब तहसीलदार के माध्यम से सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। तय कार्यक्रम के अनुसार दर्जनों आंगनबा?ी कार्यकर्ता बाल विकास भवन से नारेबाजी करते हुए उन्होंने तहसील में धरना दिया। बाद में नायब तहसीलदार जेएस नेगी के माध्यम से मुख्यमंत्री को दो सूत्रीय मांग पत्र भेजा। संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष विमला गैरोला ने कहा कि मिनी आंगनबा?ी को पूर्ण आंगनबा?ी का दर्जा आचार संहिता से पूर्व करने तथा दैनिक मजदूरी प्रतिदिन 6 सौ यानि प्रतिमाह 18 हजार करने की मांग करने को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। कहा कि यदि सरकार उनकी मांग पूरा नहीं करती है तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। धरना-प्रदर्शन करने वालों में मीनाक्षी, सुनीता, लक्ष्मी, हिमती,आशा, शकुंतला, बसंती, दर्शनी, कार्तिका, सोनिया, साबुली, प्रमिला आदि शामिल रही।

# युवा मतदाताओं को जागरूक करने को खेलों का आयोजन किया

नई टिहरी। स्वीप गतिविधियों के तहत रविवार की छुट्टी को देखते हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्रों को आने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान की शपथ दिलाई। डीएम मयूर दीक्षित ने कहा कि स्वीप के तहत मतदान की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने का काम तत्परता से किया जा रहा है। रविवार को सुव?यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत रविवार को खेल विभाग टिहरी ग?वाल ने राजकीय इण्टर कालेज नरेन्द्रनगर के खेल मैदान में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसी तरह से नई टिहरी केन्द्रीय विद्यालय खेल मैदान में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालकों की वालीबॉल प्रतियोगिता एवं जगत विहार खेल मैदान रानीहाट कीर्तिनगर में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन तत्परता से किया गया। खेल आयोजनों के आध्यम से आने वाले लोक सभा चुनाव को लेकर छात्रों को जागरूक कर उन्हें मतदान की महत्ता से अवगत कराते हुए मतदान की शपथ भी दिलाई। स्वीप गतिविधियों को लेकर डीएम दीक्षित ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। निर्वाचन में मतदान प्रतिशत ब?ाने के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं, संगठनों, सरकारी-गैरसकारी कार्यालयों, कार्मिकों से चित्रकारी, भित्तिचित्र, पेंटिंग, रंगोली, खेल-कूद प्रतियोगिता, ग्राम स्तर पर महिला-पुरूषों की चौपाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पोलिंग बूथों का सत्यापन व शपथ के माध्यम से मतदाताओ को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान का महत्व समझाया जा रहा है साथ ही शतप्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## पुलिस को निर्वाचन की गाइड लाइन बताई

नई टिहरी। लोकसभा चुनावों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम मयूर दीक्षित की मौजूदगी में एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कहा कि चुनावी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। जिम्मेदारियों को इमानदारी से पूरा करें। जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला मुख्यालय स्थित मतगणना केन्द्र आईटीआई का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना केन्द्र के सभी कक्षों का निरीक्षण करते हुए लोनिवि व संस्थान प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## संपादकीय



# खसरे का प्रकोप

अमरीका, यूरोप, ब्रिटेन के बाद भारत में खसरा फैल रहा है। हालांकि यह कोरोना महामारी सरीखा जानलेवा संक्रमण नहीं है, लेकिन त्वचा से जुड़ा खतरनाक संक्रमण जरूर है। इसे घरेलू स्तर पर 'माता', 'चेचक', 'शीतला माता' कहा जाता है और घरेलू, देशी टोटकों से ही इसका इलाज करने की कोशिशें की जाती हैं, लेकिन समय पर खसरे का यथोचित मेडिकल इलाज न किया जाए, तो यह गंभीर जटिलताओं, आजीवन विकलांगता और अंततः मौत का कारण भी बन सकता है। यह फेफड़ों और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकता है। निमोनिया, मेनिनजाइटिस, अंधापन और दौरे का कारण भी बन सकता है। भारत में खसरे के संक्रमण का फैलाव चिंताजनक है, क्योंकि देश में औसतन हर साल करीब 10 लाख लोग खसरे का शिकार होते हैं। हालांकि औसतन मौत का कोई निश्चित डाटा उपलब्ध नहीं है, लेकिन इतने व्यापक स्तर पर लोग संक्रमित होते हैं, तो जाहिर है कि मौत का संभावित आंकड़ा भी उसी के अनुपात में ही होगा! खसरे के कुछ लक्षण कोरोना वायरस सरीखे हैं। यह संक्रमण भी किसी संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से, मुंह की लार से, हाथ मिलाने या गले लगाने से, गर्भावस्था या प्रसव अथवा देखभाल के दौरान मां से बच्चे को हो सकता है। खांसने या छींकने का वायरस हवा में और सतहों पर रह सकता है। यदि कमरे में खसरा पीड़ित है और वह वहां से चला गया है, तो आप एक घंटे बाद ही वहां जाएं। यह सावधानी न बरतने पर खसरे से संक्रमित होने का खतरा 90 फीसदी है। संक्रमित के मुंह या नाक से बहते द्रव्य के सीधे या हवा के जरिए संपर्क में आने से भी संक्रमण हो सकता है। ये विभिन्न डॉक्टरों के शोधों और प्रयोगों के ही निष्कर्ष हैं। त्वचा पर लाल दाने या चकत्ते निकल आएं और उनमें तेज खुजली और जलन हो, तो ये खसरे के शुरुआती लक्षण हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत, अमरीका और यूरोप में खसरे के फैलते संक्रमण पर चिंता जताई है और चेतावनी भी जारी की है। खसरा लाइलाज वायरस नहीं है। बाजार में इसके टीके उपलब्ध हैं। टीकाकरण खसरा रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है। खसरा और रूबेला का टीका आमतौर पर दो खुराक में दिया जाता है। पहली खुराक बच्चे की 12-15 माह की उम्र में ही देनी चाहिए और दूसरी खुराक 4-6 साल की उम्र में दी जाती है। हालांकि भारत में खसरा टीकाकरण की सुविधाएं मौजूद हैं, फिर भी 2022 में करीब 11 लाख बच्चे भारत में खसरे के टीके की पहली खुराक लेने से ही चूक गए। यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन का है। नतीजतन भारत उन 10 देशों की जमात में आ गया, जहां महामारी के बाद भी खसरे के टीकाकरण में सबसे ज्यादा कमी आई है। वैज्ञानिकों और चिकित्सकों का मानना है कि टीका खसरे को रोकने में काफी असरदार है। किसी स्कूल या समुदाय में टीकाकरण दर 93 फीसदी या उससे अधिक है, तो उसकी सामूहिक प्रतिरक्षा काम कर सकती है। भारत सरकार विभिन्न टीकाकरण के अभियान चलाती रही है और लगभग सभी टीके मुफ्त ही लगाए जाते हैं, फिर भी 11 लाख बच्चों से जुड़ी कोताही की जाएगी, तो यही संक्रमण एक दिन 'महामारी' भी साबित हो सकता है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# मोदी गारंटी वाहन को रवाना किया

नई टिहरी। नगर पालिका परिषद नई टिहरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करते हुए मोदी गारंटी वाहन को रवाना किया गया। वाहन को रवाना करने से पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने वाहन को फूलमालाएं पहनाई। सीडीओ अभिषेक त्रिपाठी ने मौके पर आकर स्थानीय लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने की अपील की। सोमवार को बौराड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजेश नौटियाल व सीडीओ त्रिपाठी ने पहुंचकर यहां मौजूद लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। मोदी गारंटी वाहन को नगर के विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया। वाहन के माध्यम से मोहल्लों में जाकर लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की वृहत जानकारी देकर लाभ लेने की अपील की गई। इस मौके पर भाजपा के महामंत्री उदय रावत, डीसीडीएफ के अध्यक्ष अनुसूया नौटियाल, ईओ पालिका हयात सिंह रौतेला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष परमवीर पंवार, नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली, इंडेन गैस के प्रबंधक मोहन खंडियाल, विनीत आदि मौजूद रहे।

# आन लाईन ही मिलेगी इंडेन गैस

नई टिहरी। अब इंडेन गैस के उपभोक्ताओं को ऑन लाईन बुकिंग पर ही रसोई गैस मिल पायेगी। ब्लू बुक पर गैस नहीं मिल पायेगी। इसलिए उपभोक्तओं को अब नंबर 8454955555 पर मिस्ड कॉल कर गैस बुक करवानी होगी। इंडेन गैस के प्रबंधक मोहन लाल खण्डियाल ने बताया कि इंडेन गैस के उच्च प्रबंधन ने अब निर्णय लिया है कि उपभोक्ताओं को मिस्ड कॉल नंबर पर गैस बुक पर अपने रजिस्टर्ड नंबर से करनी होगी। उसके बाद उपभोक्ताओं का गैस घर पर दी जायेगी। बिना ऑन लाईन बुकिंग के गैस नहीं मिल पायेगी। ब्लू बुक पर गैस नहीं दी जायेगी। उपभोक्ता अपना मोबाईन नंबर रजिस्टर कर मिस्ड काल नंबर 8454955555 या आईबीआरएस नंबर 7718955555 से ऑन लाईन गैस बुक करवायें। बताया कि पूरी तरह से ऑन लाईन बुकिंग होने से कालाबाजारी पर जहां पूरी तरह से रोक लगेगी, वहीं उपभोक्ताओं को प्रोपर गैस डिलीवरी भी ऑन लाईन बुकिंग के अनुरूप हो पायेगी।

# तय समय में शिकायतों का निस्तारण करें डीएम

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में सडक़, पेयजल और पुर्नवास से संबंधित मामले छाये रहे। डीएम ने मौके पर 27 शिकायतों का निस्तारण करते हुए तय समय में शिकायतें निस्तारित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में विकासखण्ड चम्बा के ग्राम पंचायत पुरसोल गांव के तहत भेडुडी के ग्रामीणों ने चार बिन्दु का एक मांग पत्र डीएम को सौंपा। जिसमें भोनाबागी से गांव तक एक किमी पैदल मार्ग डामरीकरण कर ठीक करवाने, भोनाबागी से स्थान आनांदगढ़ में सौर ऊर्जा संयत्र लगाने, भोनावागी-उनियाल गांव मोटर मार्ग जो स्वीकृत हो रखा है, का कार्य शुरू करवाने तथा जंगली जानवरों से फसल व मानव सुरक्षा की मांग की है। थत्यूड़ जौनपुर विकास मंच के अध्यक्ष आरएस भट्?ट डीएम को अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत खेडा, पापरा, मैड व वाण्डा चक के ग्रामीण क्यारकूली तोक में रहते हैं। यहां पर खेती-बा?ी तथा पशुपालन आदि भी कार्य करते हैं। यहां पर जल जीवन मिशन से पेय जल उपलब्ध कराया जाय। जिस पर डीएम ने ग्रामीणों की छानियों तक पेयजल योजना पहुंचाने के निर्देश दिए। ग्राम भेलुन्ता प्रतापनगर के मुरारी लाल खण्डवाल ने पीएमजीएसवाई के अधीन जुकाणी-भेलुन्ता मोटर मार्ग की खराब स्थिति की शिकायत करते हुए बताया कि यह मोटर मार्ग जगह-जगह गड्ढों से भरा है।

# संक्षिप्त खबरें

## चुनाव के दौरान आपसी समन्वय पर दिया जोर

चमोली। लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्वक व सकुशल सम्पन्न कराने के हेतु पौड़ी एवं रूद्रप्रयाग की सीमा के थानाध्यक्षों चौकी प्रभारियों के साथ बॉर्डर मीटिंग हुई। जनपदों की पुलिस ने आपसी सामन्जस्य बनाकर अपराध की रोकथाम, अवैध मादक पदार्थ, शराब की तस्करी की रोकथाम तथा आपसी सहयोग हेतु सूचनाओं का आदान प्रदान करने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। थानाध्यक्ष पोखरी दिलबर कण्डारी ने चौकी मोहनखाल में जनपद रूद्रप्रयाग के थानाध्यक्ष अगस्त्यमुनि राजीव चौहान एवं चौकी प्रभारी दुर्गाधार सूरज कण्डारी के बैठक कर विचार विमर्श किया।

## परीक्षा के दौरान धारा 144 लागू रहेगी

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर नैनीताल द्वारा आयोजित होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को देखते हुए प्रशासन ने भी तैयारियां कर दी है। तहसील जखोली और बसुकेदार के सभी परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी। उप जिलाधिकारी जखोली द्वारा इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सब डिविजन जखोली/बसुकेदार में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा अवधि में धारा-144 प्रभावी रहेगी। बताया कि सब डिविजन जखोली व बसुकेदार की सीमा में कुल 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में धारा-144 प्रभावी रहेगी।

## पक्षियों का दीदार करने केदारघाटी पहुंच रहे पक्षी प्रेमी

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी में इन दिनों कई प्रजाति के पक्षियों का दीदार करने के लिए पक्षी प्रेमी पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि यहां ऐसी करीब 200 प्रजाति की पक्षी हैं जो महज इसी स्थान पर देखे जा सकते हैं। पक्षियों के प्रति प्रेम हमें इस क्षेत्र में आने को मजबूर कर देता है। केदारनाथ हाईवे से लगे कुंड और काकड़ा के साथ ही चोपता क्षेत्र में कई प्रजातियों के पक्षी चहचहाते रहते हैं। पक्षी प्रेमी इन दिनों पक्षियों के कलरव के बीच केदारघाटी में उनका दीदार कर रहे हैं। पक्षी प्रेमी मधुकर धीमान, रामसोनी, संजीव ग्लोवर का कहना है कि वे हर साल पक्षियों को देखने के लिए केदारघाटी पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि जहां राज्य पक्षी मोनाल पर्यटकों के साथ ही पक्षी प्रेमियों का मन मोह लेता है वहीं इसके संरक्षण पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। पक्षियों के ईको सिस्टम को किसी तरह से प्रभावित नहीं करना चाहिए ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानियां हो। पक्षी प्रेमियों ने कहा कि केदारघाटी के साथ ही रुद्रप्रयाग के चिरबटिया क्षेत्र में भी कई प्रवासी पक्षी इन दिनों यहां पहुंचते हैं।

## टीवी एसोसिएशन द्वारा बांटी गई सामग्री

रुद्रप्रयाग। टीवी एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा रुद्रप्रयाग चिकित्सालय में 20 रोगियों को पुष्ठाहार पोषण वितरित किया गया। एसोसिएशन द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीवी रोगियों को पुष्ठाहार पोषण, न्यूट्रीशन, खाद्य सामाग्री, आटा, चावल, सरसों का तेल, दाल, काला चना, राजमा मिक्स, दाल, दलिया, सोयाव?ी, क्लीनलीनेश कीट ( हैंडवास साबुन) वितरण किया। यह सामग्री राज्यपाल एवं हंस फाउंडेशन के सहयोग से वितरित की गई। फाउंडेशन की अवैतनिक सैकेट्री पूनम किमोठी ने बताया कि मुख्य अतिथि फाउंडेशन के सदस्य रमेश नौटियाल के हाथों सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर डॉ. मुकेश बगवाड़ी, सीनियर एडवाइजर नरेश राणा, हरि प्रसाद पुरोहित, सुपरवाइजर हरीश चौधरी, सचिन सिंह नॉडल अर्थ आर एण्ड रुद्रप्रयाग सहित कई लोग शामिल थे।

## तुंगनाथ घाटी में गोवंश संरक्षण को लेकर टीम का गठन

रुद्रप्रयाग। विश्व अखा?ा परिषद (गो रक्षा विभाग) ने तुंगनाथ घाटी में गाय और नंदी के संरक्षण को लेकर टीम का गठन किया है। गो भक्तों ने संकल्प लिया कि जल्द ही गो रक्षा धाम निर्माण को लेकर भूमि का चयन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जबकि सडक़ों पर घूम रहे लावारिस पशुओं को हरा चारा देने के साथ ही इनका ट्रीटमेंट भी किया जाएगा। मौके पर चोपता में ठंड के कारण हो रही मवेशियों की मौत पर दुख भी प्रकट किया गया। तुंगनाथ घाटी के मस्तूरा में आयोजित विश्व अखा?ा परिषद (गो रक्षा विभाग) की बैठक में प्रधान उषा?ा कुंवर सिंह बजवाल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई, जबकि युवा मुकेश नेगी को महामंत्री चुना गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष दिलबर सिंह नेगी, सचिव नंदन सिंह रावत, उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह पटवाल, मीडिया प्रभारी गजवाल सिंह भट्ट, प्रचार-प्रसार मंत्री का दायित्व मुरली सिंह नेगी, वंदना देवी, महावीर सिंह नेगी, वीरेन्द्र सिंह नेगी, मनोरमा देवी को सौंपी गई है। गो रक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष रोहित डिमरी ने कहा कि गो वंश के संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर विश्व अखा?ा परिषद का गो रक्षा विभाग कार्य कर रहा है। सचिव देवेन्द्र बिष्ट ने कहा कि गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा तभी मिल पायेगा, जब हम सभी मिलकर इनके संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर कार्य करें। बैठक में महामंत्री विमल चैहान, सचिव देवेन्द्र बिष्ट, कोषाध्यक्ष संदीप कप्रवाण, राकेश गोस्वामी, अंकित राणा, दीपक नौटियाल, संदीप कोठारी, राहुल पटवाल, मुरली सिंह, पुष्कर सिंह पटवाल, नन्दन सिंह रावत, दिनेश नेगी, कुंवर सिंह, दिलबर सिंह नेगी, मुरली सिंह नेगी, वीरेन्द्र सिंह, गीता देवी, स्मिता देवी, अनीता देवी, उषा देवी, मीना देवी, नर्वदा देवी, गोरा देवी, आशा देवी, कल्पेश्वरी देवी, सरोज देवी, विश्वेश्वरी देवी, सरस्वती देवी, मुकेश नेगी, विशाखा देवी, गुड्डी देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## लाभार्थियों को लेकर कार्ययोजना तैयार

नई टिहरी। जिला भाजपा कार्यालय में लाभार्थी सम्मेलन कार्यशाला का आयोजन नई टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में नई टिहरी मंडल के सभी लाभार्थियों को लेकर कार्ययोजना तैयारी की गई। जिसके लिए सभी बूथ अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। नई टिहरी भाजपा मंडल लाभार्थी सम्मेलन कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने किया। इस मौके पर नौटियाल ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार का मकसद है कि सरकारी योजनाओं से काई भी जरूरतमंद वंचित न रहे। इसके लिए सभी को लाभार्थियों तक पहुंचकर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करना है। मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र जुयाल ने कहा कि लाभार्थियों को आगे भी अन्य योजनाओं का लाभ मिलता रहे। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार ने योजना बनाई है।नई टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने कहा कि मंडल के सभी 31 बूथों के लाभार्थियों के लिए रणनीति बनाकर प्रत्येक तक पहुंचने का काम किया जायेगा। प्रत्येक लाभार्थी से मिस काल करवा कर राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ा जायेगा। जिससे उन्हें निरंतर लाभ मिलता रहे। इस मौके पर भाजपा महामंत्री उदय रावत, लीला मखलोगा, मुनेंद्र भट्ट, रमेश कृषाली, अनुसूया नौटियाल, विमला खडक़ा, लक्ष्मी रावत, धनी राम नौटियाल, मस्ता नेगी, डॉ प्रमोद उनियाल आदि मौजूद रहे।

# धामी सरकार ने दिया वीर नारियों को सम्मान

## शहीद की पत्नी सहित एक अन्य महिला सैन्य अधिकारी बनेगी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 फरवरी, सुबे के सैनिक कल्याण विभाग में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के पद पर छः नये सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों को चयनित कर उन्हें निदेशालय एवं विभिन्न जनपदों के तैनाती दे दी गयी है। विभाग में पहली बार दो महिला सैन्य अधिकारियों का भी चयन हुआ है, जिसमें एक महिला सैन्य अधिकारी विंग कमाण्डर डॉ सरिता पवार, अमर शहीद स्क्वाडन लीडर महेंद्र सिंह पंवार की पत्नी है।



**सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सभी चयनित अधिकारियों को दी बधाई**

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के अनुमोदन के बाद सैनिक कल्याण विभाग के सचिव दीपेन्द्र चौधरी द्वारा जारी आदेश के क्रम में विंग कमाण्डर निधि बधानी को सैनिक कल्याण निदेशालय में उप निदेशक पर पदस्थापित किया गया है और विंग कमाण्डर सरिता पंवार को हरिद्वार, कर्नल उमेद सिंह को चम्पावत, कर्नल जयेश बड़ोला को उत्तरकाशी, कर्नल करम सिंह बिष्ट को पिथौरागढ़, कर्नल रमेश सिंह को नैनीताल का नया सैनिक कल्याण अधिकारी नियुक्त किया है। वही, कर्नल चन्द्र बहादुर पुन को पिथौरागढ़ से उधमसिंहनगर, कर्नल सुबोध कुमार शुक्ला को नैनीताल से चमोली तथा मेजर करन सिंह को हरिद्वार से पौड़ी जनपद में स्थानान्तरित किया गया है। ज्ञात हो कि सैनिक कल्याण सचिव की अध्यक्षता वाली चयन समिति में रक्षा मंत्रालय एवं केन्द्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से सभी छः सैनिक कल्याण अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी है।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने चयनित अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में सतत प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को समर्पित होकर कार्य कर रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सैनिक कल्याण विभाग द्वारा यह निश्चित तौर पर यह कदम सराहनीय है।

मीडिया को जारी बयान में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश में सैनिक कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहीदों के सम्मान में सैन्य धाम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सैन्य धाम निर्माण से पूर्व प्रदेशभर में शहीद सम्मान यात्रा और शहीदों के आंगन की मिट्टी तथा उत्तराखंड की प्रमुख 28 पवित्र नदियों का जल अमर जवान ज्योति के मुख्य स्तंभ की आधारशिला में अर्पित किया गया। शहीद सैनिक के परिवार के एक सदस्य को रोजगार की दिशा में अब तक 26 आश्रितों को सेवायोजित किया जा चुका है। प्रदेश में वीरता पदक धारकों को परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा का प्रावधान किया गया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध की अनुदान राशि, विशिष्ट सेना मेडल अवार्ड राशि में बढ़ोतरी तथा वीरता पदक पुरस्कार की एक मुश्त अनुदान राशि में भी कई गुना बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश में सैनिक विश्राम गृहों का निर्माण सैनिकों के आश्रितों के लिए छात्रावास के लिए निर्माण किया जा रहा है। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा शहीदों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार लागतार प्रयासरत है।



विंग कमांडर निधी बधानी ले कर्नल अतुल देवली की पत्नी है, जो वर्तमान सेवारत है। निधी बधानी जून 2006 में भारतीय वायु सेना में शामिल हुई थी और जून माह वर्ष 2021 को सेवानिवृत्ति हुई भारतीय वायु सेना में विंग कमांडर निधी बधानी ने 15 वर्ष तक सेवाएं दी। निधी बधानी को साल 2019 में एओसी-इन-सी प्रशंसा पत्र से सम्मानित भी किया गया है।



विंग कमांडर डॉ सरिता पंवार शहीद स्क्वाड्रन लीडर महेंद्र सिंह पंवार की पत्नी है,जो कि भारतीय वायु सेना की 118 हेलीकॉप्टर यूनिट में पायलट थे। 23 वर्ष पूर्व अरुणाचल प्रदेश में सेवा के दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर महेंद्र सिंह की मृत्यु हो गयी थी। विंग कमांडर डॉ सरिता पंवार को साल 2016 में चिकित्सा सेवाओं के लिए गौरा देवी सम्मान सम्मानित भी किया गया है और वर्ष 2017 में एओसी-इन-सी प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया है। विंग कमांडर डॉ सरिता पंवार ने 21 वर्ष तक भारतीय वायु सेना में सेवा दी है।

# मानव वन्य जीव संघर्ष मामले पर सीएम धामी सख्त, विभागीय अधिकारियों को किया तलब

देहरादून। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने वन विभाग के संबंधित अधिकारियों को तलब करते हुए देहरादून में हुई घटना की रिपोर्ट ली। इस दौरान उन्होंने चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन समीर सिन्हा को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों के विदेश दौरों पर भी रोक के आदेश दिए हैं।

**सीएम धामी ने वन अधिकारियों को तलब किया**

उत्तराखंड में गुलदार के हमलों के मामले लगातार ब? रहे हैं। खास बात यह है कि राजधानी देहरादून में भी एक दिन पहले ही 10 साल के बच्चे को गुलदार ने अपना निवाला बनाया था। इस मामले में मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए अब विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में स्थित अपने कार्यालय में ही विभागीय अधिकारियों को तलब किया। इस दौरान प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक हॉफ अनूप मलिक और चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन समीर सिन्हा ने इस पूरी घटना की जानकारी मुख्यमंत्री को दी।

**चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन को फील्ड में जाने का आदेश**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऐसी घटनाओं को देखते हुए प्रमुख वन संरक्षक आरके सुधांशु को दैनिक रूप से मामलों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन को भी खुद फील्ड में जाने के लिए भी आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभाग के अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए, कि किसी भी दशा में जनहानि नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जो भी आवश्यक कदम हैं, उठाये जायें। लोगों को जन जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष के लिए वन विभाग अलर्ट मोड पर काम करे।

**वन अधिकारियों के विदेश दौरे पर रोक**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशिक्षित क्तक्रञ्ज (क्तह्वद्बष्म्ह्म्द्गह्यश्चशठ्ठह्यद्ग ह्लद्गड्डद्व) को तत्काल फील्ड में भेजने के भी निर्देश दिए हैं। ब?ी बात यह है कि मुख्यमंत्री ने वन अधिकारियों के विदेश दौरों पर भी रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। इन घटनाओं के बीच इस तरह के दौरों पर रोक लगा दी गई है।

# गंगोत्री हाईवे एक सप्ताह बाद चालू

उत्तरकाशी। बर्फबारी के कारण पिछले एक सप्ताह से बाधित गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गंगोत्री धाम तक यातायात के लिए खुल गया है। हालांकि राजमार्ग पर पाला जमा होने के कारण फिसलन बरकरार है, जिस कारण आवागमन जोखिम भरा बना हुआ है। जिले में पिछले कई दिनों से जारी बारिश और बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे एक सप्ताह से आवागमन के लिए अवरुद्ध पड़ा था। यहां उपला टकनौर क्षेत्र के सुक्खी से आगे भारी बर्फबारी के कारण मार्ग बाधित था। रविवार तक धराली तक ही मार्ग को आवागमन के लिए सुचारु किया गया था, लेकिन सोमवार को हाईवे गंगोत्री तक पूरी तरह यातायात के लिए चालू हो गया। मार्ग खुलते ही जिला मुख्यालय से कटे उपला टकनौर के हर्षिल, धराली, मुखबा समेत करीब छह गांव के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बीआरओ की जेसीबी मशीन और मजदूर पिछले एक सप्ताह से लगातार मार्ग से बर्फ हटाने में जुटे रहे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि गंगोत्री हाईवे पर खुला है, लेकिन फिसलन होने के कारण आवागमन जोखिम भरा बना है।

## गढ़वाल विवि में मोटे अनाज पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

श्रीनगर। हेमवती नंदन बहुगुणा ग?वाल विवि के अर्धशास्त्र विभाग में उत्तराखंड के मोटे अनाजों के माध्यम से आजीविका सृजन, उद्यमिता विकास एवं महिलाओं के सशक्तिकरण विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला मंगलवार को आयोजित की जायेगी। ग?वाल विवि के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यशाला के संयोजक प्रो. एमसी सती ने बताया कि चौरास स्थित ग?वाल विवि के एकेडमिक एक्टिवीटी सेंटर में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली की ओर से प्रायोजित इस कार्यशाला में ग?वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। प्रो. सती ने बताया कि कार्यशाला में मिलिट्स वैल्यू, चैन उत्पादन, प्रोसेसिंग, स्टोरेज, ट्रांसपोर्टटेसन, वैल्यू एडिशन, पैकैजिंग एवं ब्रैंडिंग तथा मार्केटिंग सम्बंधित विविध पहलुओं पर विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। इस मौके पर जीबी पंत एग्रीकल्चर विवि पंतनगर, गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण संस्थान अल्मो?ा, विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान अल्मो?ा, उत्तराखंड स्टेट रूलर लाइवहुड मिशन, रूरल इण्टर प्राइजेज एक्सीलिरेसन प्रोजेक्ट (रीप) के वैज्ञानिक, शोधकर्ता, उद्यमी सहित चमोली, रूद्रप्रयाग और चम्पावत जनपद की महिलाएं कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगी।

## घर में लगी आग, सिलेंडर फटा, पांच लाख का नुकसान

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में देररात एक मकान में आग लग गई। आग फैलने से एलपीजी गैस सिलेंडर फट गया। साथ ही घर में रखा सामान जल कर राख हो गया। अग्निशमन की टीम ने बड़ी मुश्किल से आग को काबू किया। आग लगने से करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हो गया। रोशनाबाद शनि मंदिर के पास खान मार्केट में नाजिम खान के मकान में रात का खाना बनाते समय आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मकान से आग की लपटें निकलने लगी। इस दौरान रसोई में रखा गैस सिलेंडर फट गया। आस पड़ोस के लोग भी बाहर निकलकर आग बुझाने में जुट गए।

## संक्षप्ति खबरें

### पोलियो खुराक पिलाये जाने को लेकर डीएम ने ली जिला टास्क फोर्स की बैठक

नई टिहरी। 3 मार्च से जनपद में 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने को लेकर डीएम मयूर दीक्षित ने जिला टास्क फोर्स की बैठक ली। बैठक में सीएमओ ने डीएम को अवगत कराया कि पोलियो की बीमारी की रोकथाम के लिए 3 मार्च को जनपद में पर्वतीय क्षेत्रों में 620 एवं ढालवाला मैदानी क्षेत्र में 60 कुल 680 बूथों पर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जायेगी। इस चरण के लिए सर्वे के अनुसार 48073 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### रूद्राक्ष फेस्ट में छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर

श्रीनगर। राष्ट्रीय कला मंच की ओर से ग?वाल विवि में रुद्राक्ष फेस्ट 2024 के लिए ऑडिशन आयोजित किये गये। ऑडिशन में छात्र-छात्राओं ने अपना हुनर दिखाया। सोमवार को ग?वाल विवि के सीनेट हॉल में हुए राष्ट्रीय कला मंच की ओर से बीट्स एंड टोन्स फ्रॉम एवरी कॉर्नर ऑफ भारत थीम पर आयोजित रुद्राक्ष फेस्ट 2024 के ऑडिशन में 60 छात्र-छात्राओं ने सिंगिंग, डांसिंग, रैप सांग एंव पोएट्री में प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के आयोजक अमन काला ने बताया कि मंगलवार को चौरास स्थित मिनी ऑडिटोरियम में ऑडिशन का दूसरा राउंड होगा। कहा कि जल्द ही इसके लिए फाइनल तिथि तय की जायेगी। कार्यक्रम में शुभम प्रभाकर, डा. सुभाष पाण्डेय, डा. कपिल पंवार, अंकित भट्ट, अविरल निर्णायक की भूमिका पर रहे। इस अवसर पर भाजायुमों के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुधीर जोशी, शैलेश मलासी, अंकित थपलियाल, संजय बिष्ट, प्रशांत थपलियाल सहित आदि मौजूद थे।

### श्रीनगर में बढ़े जुकाम और बुखार के मरीज

श्रीनगर। मौसम परिवर्तन के चलते श्रीनगर में एक बार फिर जुकाम, बुखार और खांसी के मरीज ब? गये हैं। श्रीनगर में लगातार मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम में लगातार बदलाव होने के कारण उपजिला चिकित्सालय श्रीनगर में रोजाना 30 से 40 मरीज वायरल जुकाम बुखार के पहुंच रहें हैं, जबकि मौसम परिवर्तन होने से छोटे बच्चों की ओपीडी भी ब? रही है। उपजिला चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजिशियन डा. सुरेश कोटियाल ने बताया कि बीते दिसम्बर और जनवरी के मुताबिक 30 प्रतिशत मरीजों की संख्या ओपीडी में ब?ी है। उन्होंने बताया कि मौसम में लगातार बदलाव के चलते खांसी, जुकाम और बुखार के मरीज गैरसैंण, ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग, चमोली के विभिन्न गांवों से यहां पहुंच रहे हैं। कहा कि अभी भी मौसम के परिवर्तन होने के आगे भी आसार हैं। जिसे देखते हुए स्वास्थ्य में ध्यान देना होगा। उपजिला चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेरणा ने बताया कि मौसम में नमी अभी भी है दोपहर में गर्मी और सुबह शाम ठंड का एहसास होने पर छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। ?ासकर सुबह और रात में बच्चों के पहनावे पर ध्यान रखना चाहिए। साथ ही ऐसे मौसम में ठंडी चीजों से परहेज करने की जरूरत है।

### कर्नल कोठियाल के जन्मदिन पर किया रक्तदान

श्रीनगर। जय हो छात्र संगठन ने सोमवार को यूथ फाउंडेशन के फाउंडर कर्नल अजय कोठियाल के जन्मदिन पर श्रीकोट बेस अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस मौके पर 15 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस दौरान छात्र नेता वीरेंद्र बिष्ट ने कहा कि कर्नल कोठियाल हम सभी के लिये आदर्श हैं। कहा कि हमें रक्तदान कर दूसरे को नयी जिंदगी देने का अवसर मिलता है। इस मौके पर संगठन द्वारा कुल 15 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर पुनीत अग्रवाल, सौरभ, मयंक बिष्ट, नरेंद्र, अंजली, प्राची, चिराग, दीपक आदि मौजूद थे।